कार्यालय पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकःशिविरा / प्राशि / पविप / प्राशिपुप(8वीं) / प्राशिअमू(5वीं) / परीक्षा का. / 2018 दिनांकः 01.02.18

प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
समस्त

विषय – प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाणपत्र परीक्षा 2018 हेतु नामांक रोल की जांच बाबत् ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाणपत्र परीक्षा 2018 हेतु नामांक रोल बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किये गए है । इस सम्बन्ध में आप अपने जिले की समस्त संस्थाओं को निर्देशित करें कि विद्यालय को जारी आई.डी. के आधार पर वेबसाइट पर अपलोड नामांक का अवलोकन कर स्पष्ट करले कि इन्द्राज सही रुप में है । इस सम्बन्ध में किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता हो तो आपके संस्थान के माध्यम से दिनांक 10.02.2018 तक प्रस्ताव इस कार्यालय में जरिये मेल panjiyak8ppp@gmail.com पर इस कार्यालय में प्रस्तुत किये जावे ।

इस सम्बन्ध में स्पष्ट किया जाता है कि विद्यालय स्तर से इस कार्यालय को किसी प्रकार के प्रस्ताव नही भेजें जावें। जिले के समेकित प्रस्ताव ज़िला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से ही स्वीकार्य होगें।

पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाऐं
राजस्थान, बीकानेर

www.rajteachers.com

कार्यालय पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं, राजस्थान, बीकानेर

प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा–2018

–परीक्षा कार्यक्रम–

समय :– सांय 2 बजे से 4:30 बजे तक

दिनांक	वार	विषय(कोड)
15 मार्च 2018	गुरुवार	हिन्दी(01)
16 मार्च 2018	शुक्रवार	**अंतराल**
17 मार्च 2018	शनिवार	अग्रेजी(02)
18 मार्च 2018	रविवार	**अवकाश**
19 मार्च 2018	सोमवार	**चेटीचण्ड अवकाश**
20 मार्च 2018	मंगलवार	विज्ञान(07)
21 मार्च 2018	बुधवार	**अंतराल**
22 मार्च 2018	गुरुवार	सामाजिक विज्ञान(08)
23 मार्च 2018	शुक्रवार	**अंतराल**
24 मार्च 2018	शनिवार	तृतीय भाषा–संस्कृत(71), उर्दू(72), पंजाबी(73), सिन्धी(74), गुजराती(75), संस्कृत(95–संस्कृत शिक्षा विभाग)
25 मार्च 2018	रविवार	**अवकाश**
26 मार्च 2018	सोमवार	गणित(09)

नोटः–

1. उपरोक्त परीक्षा कार्यक्रम में कोई परिवर्तन होने पर समाचार पत्र के माध्यम से सूचना दी जावेगी।
2. परीक्षार्थी परीक्षा दिनांक एवं समय का पूरा ध्यान रखें।
3. दृष्टिहीन, सूर्यमुखी (Alvino), तथा मायोपिया (Myopia), सेरीब्रल पाल्सी (Cerebral Palsy), पोलियो(Polio), लकवा/जन्मजात विकलांगता तथा मूक एवं बधिर(Deaf and Dumb) के परीक्षार्थियो को आवश्यक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर न्यूनतम 40 प्रतिशत या इससे अधिक विकलांगता पर प्रश्न पत्र हल करने के लिए निर्धारित समय से एक घंटा अतिरिक्त समय तथा 75 प्रतिशत या इससे अधिक विकलांगता पर श्रुतलेखक देय होगा।
4. अधिगम अक्षम परीक्षार्थियों के लिये Mild Cases में एक घंटा अतिरिक्त तथा (Moderate) एंव (Severe Cases) मे श्रुतलेखक देय होगा।
5. परीक्षा भवन में बोर्ड द्वारा नियुक्त केन्द्राधीक्षक/वीक्षक/उड़नदस्ते के सदस्यों /निरीक्षकों आदि को तलाशी लेने तथा आपत्तिजनक सामग्री प्राप्त करने का अधिकार होगा। इसमें किसी आपत्ति/मनाही/अन्य उत्पात दुराचरण माना जाएगा।
6. परीक्षार्थी अपना नामांक उत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान के अलावा और कहीं नही लिखें।
7. परीक्षा कक्ष में केलक्यूलेटर, मोबाइल फोन, पेजर, डिजिटल डायरी अथवा अन्य इलैक्ट्रोनिक्स उपकरण ले जाना निषेध है।
8. प्रश्न–पत्र पर निर्धारित स्थान पर परीक्षार्थी को अपना रोल नम्बर लिखना अनिवार्य है।
9. प्रश्न–पत्र हल करने के पश्चात् उत्तर पुस्तिका के अन्त मे "समाप्त" शब्द लिखकर रिक्त पृष्ठों को तिरछी लाईन से काटें।

www.rajteachers.com

निदेशक
प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर